p>

Title: Need to construct railway over brigdes (ROBs) at various sites in Janjgir-Champa Parliamentary Constituency.

श्री गुहाराम अजगल्ले (जांजगीर-चांपा): माननीय अध्यक्ष जी, मेरा विषय रेल मंत्रालय से संबंधित है । मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत के जिला जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़, चांपा यार्ड पर ओवरब्रिज निर्माण, एलसी नम्बर – 337, प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 18.03.2013, दूसरा चांपा यार्ड पर ओवरब्रिज निर्माण, एलसी नम्बर- 342, प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 25.07.2012, उक्त दोनों ओवरब्रिज निर्माण के लिए रेलवे विभाग द्वारा सम्पार बंद करने हेतु सहमति पत्र दिनांक 03.07.2013 और दिनांक 04.07.2013 को जारी किए गए हैं । राज्य सरकार के लोकनिर्माण विभाग ने अपना कार्य लगभग पूर्ण कर लिया है । जब कि केन्द्र सरकार के रेलवे विभाग द्वारा अपेक्षित कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है ।

माननीय रेल मंत्री जी से मेरा विशेष निवेदन है कि क्षेत्रीय आमजन की परेशानी और जन आक्रोश को देखते हुए, रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के लिए आवश्यक आदेश-निर्देश जारी करने की कृपा करें ।